रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17082025-265450
CG-DL-E-17082025-265450

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 214] नई दिल्ली, रविवार, अगस्त 17, 2025/श्रावण 26, 1947
No. 214] NEW DELHI, SUNDAY, AUGUST 17, 2025/SHRAVANA 26, 1947

## गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 17 अगस्त, 2025

### शोक-सन्देश

**फा. सं. 3/2/2025 -पब्लिक.—** भारत के राष्ट्रपति ने गहरे दुःख के साथ नागालैंड के राज्यपाल श्री ला गणेशन के 15 अगस्त, 2025 को चेन्नई में निधन पर शोक प्रकट किया है।

2. श्री ला गणेशन का जन्म 16 फ़रवरी, 1945 को तमिलनाडु के तंजौर (तंजावूर) में हुआ था। राष्ट्र सेवा के लिए उन्होंने सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बन गए। 1975 में आपातकाल के दौरान, श्री ला गणेशन ने तमिलनाडु में लोकतंत्र की बहाली के आंदोलन के मुख्य आयोजक के रूप में काम किया।

3. श्री ला गणेशन ने भाजपा के राज्य संगठन सचिव, राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष और तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष के पदों पर कार्य किया तथा 1991 से भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य रहे। 6 अक्टूबर, 2016 से 2 अप्रैल, 2018 तक श्री गणेशन राज्यसभा के सदस्य रहे। श्री गणेशन को मणिपुर का राज्यपाल (27 अगस्त 2021 से 19 फ़रवरी, 2023 तक) नियुक्त किया गया और 18 जुलाई 2022 से 17 नवंबर, 2022 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया। 20 फ़रवरी 2023 को उन्हें नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया।।

4. श्री ला गणेशन एक बहुभाषी व्यक्ति थे जो हिंदी, तमिल, अंग्रेजी, तेलुगु और मलयालम भाषाएँ बोल सकते थे। उन्होंने भाजपा के तमिल मुखपत्र "ओरे नाडु" (एक राष्ट्र) के संपादक और दुनिया भर में तमिल विद्वानों की सुविधा और संवर्धन हेतु कार्यरत संस्था "पोत्तरामराय" (स्वर्ण कमल) के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में साहित्यिक योगदान दिया।

5. श्री ला गणेशन को उनकी सादगी, ईमानदारी, विनम्रता और देशभक्ति के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उनके निधन से राष्ट्र ने एक समर्पित राष्ट्रवादी और प्रतिष्ठित नेता खो दिया है।

गोविंद मोहन, गृह सचिव

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

New Delhi, the 17th August, 2025

**OBITUARY**

**F. No. 3/2/2025-Public**.— The President of India has noted with deep regret, the sad demise of Shri La Ganesan, Governor of Nagaland on 15$^{th}$ August, 2025 at Chennai.

2. Shri La Ganesan was born in Tanjore (Thanjavur), Tamil Nadu on 16$^{th}$ February, 1945. To serve the nation, he resigned from the Government job and chose to be the Pracharak of Rashtriya Swyamsevak Sangh. During the Emergency in 1975, Shri La Ganesan was the Chief Organizer of the movement in Tamil Nadu and worked to restore democracy back.

3. Shri La Ganesan held the posts of Organizing Secretary of State BJP, National Secretary, All India Vice-President and State President of Tamil Nadu. He was a member of National Executive Committee of BJP since 1991. He was Member of Rajya Sabha from 6$^{th}$ October, 2016 to 2$^{nd}$ April 2018.He was appointed as the Governor of Manipur (27$^{th}$ August 2021 to 19$^{th}$ February, 2023) and was also given additional charge as Governor of West Bengal from 18$^{th}$ July 2022 to 17$^{th}$ November, 2022. He was appointed as Governor of Nagaland on 20$^{th}$ February 2023.

4. Shri La Ganesan was a multi linguist person, who could speak Hindi, Tamil, English, Telugu and Malayalam languages. He made literary contribution as Editor of Tamil mouthpiece of the BJP "Ore Naadu" (One Nation) and as the Founder President of "Pottramarai" (Golden Lotus), an association working for facilitating and fostering Tamil Scholars all over the world.

5. Shri La Ganesan will be remembered for his simplicity, honesty, humility and patriotism, who dedicated his life to serve the society and nation building. In his passing away, the Nation has lost a dedicated nationalist and distinguished leader.

GOVIND MOHAN, Home Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. GORAKHA NATH YADAVA

Digitally signed by GORAKHA NATH YADAVA
Date: 2025.08.17 16:08:30 +05'30'